भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या †68**

उत्तर देने की तारीख 3 फरवरी, 2025
14 माघ, 1946 (शक)

# रायपुर में खेलो इंडिया सेंटर

**†68. श्री बृजमोहन अग्रवाल:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश भर में खेलो इंडिया केन्द्रों (केआईसी) में वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खेल और आयु समूह के आधार पर वर्गीकृत कुल एथलीटों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रत्येक राज्य में संचालित जिला और राज्य स्तरीय केन्द्रों की संख्या सहित खेलो इंडिया केन्द्रों का राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ग) देश भर में केआईसी में कार्यरत प्रशिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की संख्या कितनी है;

(घ) वर्तमान वित्त वर्ष में केआईसी के संचालन और रखरखाव के लिए कितना वार्षिक बजट आवंटित किया गया है और पिछले दो वर्षों की तुलना में इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ङ) क्या सरकार की छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जिले में उक्त केन्द्र खोलने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और क्या सरकार क्षेत्र के लिए किसी वैकल्पिक खेल विकास पहल पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) वर्तमान में देश भर के खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) में प्रशिक्षित किए जा रहे कुल 27911 एथलीटों को खेल विधाओं के आधार पर वर्गीकृत किया गया है। इसका विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dashboard.kheloindia.gov.in/state-wise-khelo-india-centers पर सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है।

(ख) प्रत्येक राज्य में संचालित जिला और राज्य स्तरीय केंद्रों की संख्या सहित केआईसी का राज्यवार विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dashboard.kheloindia. gov.in/state-wise-khelo-india-centers पर सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है।

(ग) देश भर में कुल 926 पूर्व चैंपियन एथलीट (पीसीए) केआईसी में प्रशिक्षक के रूप में कार्य कर रहे हैं।

(घ) वर्तमान वित्त वर्ष और पिछले दो वर्षों में केआईसी के लिए आवंटित वार्षिक बजट का वर्ष-वार विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dashboard.kheloindia. gov.in/state-wise-khelo-india-centers पर सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है।

(ड.) और (च) : जी हां। छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जिले में भारोत्तोलन के लिए एक केआईसी पहले ही अधिसूचित किया जा चुका है। खेलो इंडिया स्कीम के अनुसार, केआईसी हेतु प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में प्रति जिले केवल एक खेल विधा की अनुमति दी जाती है।

****